आज (28 अगस्त 2021) के महत्वपूर्ण वन लाइनर करेंट अफेयर्स

- **ओडिशा** कैडर के 1997 बैच के IAS अधिकारी **प्रमोद कुमार मेहरदा** को **राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (NFSM)** का प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया है।
- **कपड़ा मंत्रालय** के तत्वावधान में **NIFT, नई दिल्ली** भारतीय आबादी के लिए एक व्यापक बॉडी साइज़ चार्ट के विकास हेतु एक व्यापक मानवमितिय शोध अध्ययन कर रहा है।
- **महाराष्ट्र** सरकार ने एक स्थान पर अनेक सेवाएं प्रदान करने के लिए उन महिलाओं की सहायता हेतु **'मिशन वात्सल्य'** शुरू किया है, जिन्होंने **कोविड** के कारण अपने पति को खो दिया है।
- प्रसिद्ध **तबलावादक पंडित शुभंकर बनर्जी** का शहर के एक निजी अस्पताल में दो महीने तक कोविड-19 से मुकाबला करने के बाद निधन हो गया।
- केंद्रीय कृषि मंत्री **नरेंद्र सिंह तोमर** ने **ब्रिक्स कृषि मंत्रियों की 11वीं बैठक** की अध्यक्षता की।
- **भारत** और **जर्मनी** की नौसेनाओं ने **यमन के निकट अदन की खाड़ी** में एक संयुक्त अभ्यास किया, जिसमें हेलीकॉप्टर लैंडिंग और खोज तथा अभिग्रहण अभियान हुए।
- **तमिलनाडु सरकार** ने **मेकेदातु जलाशय** में प्रस्तावित जलाशय के निर्माण के संबंध में **कर्नाटक** को किसी भी गतिविधि से रोकने के लिए **सर्वोच्च न्यायालय** का रुख किया है।
- अभिनेता **सोनू सूद** दिल्ली सरकार की स्कूली बच्चों के लिए **'देश के मेंटोर'** पहल के ब्रांड एंबेसडर होंगे।
- लोकप्रिय **मलयाली शेफ** तथा फिल्म निर्माता **नौशाद** (55 वर्षीय) का हाल ही में निधन हो गया।
- **महिंद्रा डिफेंस सिस्टम्स** को **भारतीय नौसेना** के आधुनिक युद्धपोतों हेतु **इंटीग्रेटेड एंटी-सबमरीन वारफेयर डिफेंस सूट** के निर्माण हेतु 1,349.95 करोड़ रुपये का अनुबंध मिला।
- **इंडियन ऑयल** ने हाइड्रोजन प्रौद्योगिकी का विस्तार करने और **भारत का पहला ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट** विकसित करने की योजना बनाई
- रक्षा मंत्री **राजनाथ सिंह** ने पुणे स्थित आर्मी स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट में टोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता **नीरज चोपड़ा** के नाम पर एक स्टेडियम का उद्घाटन किया।

Follow us on Telegram
Gradeup PCS & Other State Exams
Gradeup: PCS & State Exams
137K subscribers
Subscribe Now